No. of Printed Pages : 16

**PCO - 01**

# BACHELOR'S PREPARATORY PROGRAMME (B.P.P.)

## Term-End Examination

12242

## June, 2011

## PCO-01 : PREPARATORY COURSE IN COMMERCE

*Time : 2 Hours* | *Maximum Marks : 50*

---

***Note :*** *All questions are **compulsory**. Each question carries **one** mark.*

---

**1.** Which of the principles requires that the same accounting method should be used from one accounting year to another ?

(1) Consistency (2) Materiality

(3) Conservatism (4) Matching

**2.** Sales book is meant for recording :

(1) All sales (2) All types credit sales

(3) All cash sales (4) Credit sales of merchandise only

**3.** Which of the following is correct ?

(1) Assets + Liabilities = Capital

(2) Assets − Liabilities = Capital

(3) Assets + Capital = Liabilities

(4) Assets ÷ Liabilities = Capital

**4.** The basic function of Financial Accounting is to :

(1) record all the transactions

(2) find out Gross Profit only

(3) find out Net Profit only

(4) record, classify, summarize and to interprate the business transactions in a systematic manner.

5. Purchase of Building should be debited to :

(1) Equipment A/C (2) Buildings A/C

(3) Goods A/C (4) Capital A/C

6. Goods sold to Amar on credit will be debited to :

(1) Sales A/C (2) Cash A/C

(3) Amar A/C (4) Purchases A/C

7. Which of the following account is not a personal account ?

(1) Loan A/C (2) Capital A/C

(3) Shyam's A/C (4) Cash A/C

8. Almirah bought for Rs. 6,000 and paid there on cartage of Rs. 200. Almirah account will be debited by :

(1) Rs. 6,000 (2) Rs. 200

(3) Rs. 6,200 (4) Rs. 5,800

9. Returns Inwards Book is kept to record :

(1) Returns of goods sold

(2) Credit sales of goods

(3) Credit purchases of goods

(4) Returns of goods purchased

10. Rs. 1,000 paid as Rent to Landlord should be debited to :

(1) Rent A/C (2) Cash A/C

(3) Landlord's A/C (4) Repair A/C

11. Wages outstanding account is a :

(1) Personal A/C (2) Nominal A/C

(3) Real A/C (4) Representative personal A/C

12. Credit balance of suspense A/C will be shown on :

(1) The debit side of Trading A/C

(2) The credit side of Trading A/C

(3) The Assets side of Balance sheet

(4) The liabilities side of Balance sheet

13. Prepaid expenses is :

(1) An asset (2) A liability

(3) A loss (4) A gain

14. Which account is generally used for rectification of one sided errors ?

(1) Cash A/C (2) Profit and loss A/C

(3) Trading A/C (4) Suspense A/C

15. Business includes :

(1) Industry and commerce

(2) Industry and aids to trade

(3) Trade only

(4) Trade and aids to trade

16. Commission received is credited to :

(1) Trading A/C (2) Profit and loss A/C

(3) Manufacturing A/C (4) Profit and loss Appropriation A/C

17. Bad debts will be charged to :

(1) Manufacturing A/C (2) Trading A/C

(3) Profit and loss A/C (4) Balance sheet

18. Profit on sale of an asset will be credited to :

(1) Asset A/C (2) Suspense A/C

(3) Trading A/C (4) Profit and loss A/C

19. Which of the following is not a current asset ?

(1) Debtors (2) Stock

(3) Loose tols (4) Cash

20. Patents is :

(1) An intangible asset

(2) A tangible asset

(3) A current asset

(4) A fictitious asset

21. All direct expenses are shown in :
(1) Profit and loss A/C (2) Balance sheet
(3) Trading A/C (4) Profit and loss appropriation A/C

22. Manufacturing Account is prepared to find out :
(1) Gross profit (2) Net profit
(3) Net loss (4) Cost of goods produced

23. Bank Reconciliation statement is made by the :
(1) Auditor (2) Customers of the bank
(3) Bank (4) Creditors

24. Discount received account has :
(1) A debit balance (2) A credit balance
(3) No balance (4) All of the above

25. Cost of goods purchased is Rs. 28,000, Net sales Rs. 60,000 and closing stock is Rs. 15,000. The gross profit will be :
(1) Rs. 47,000 (2) Rs. 43,000
(3) Rs. 75,000 (4) Rs. 88,000

26. Purchase Returns Journal is also called :
(1) Invoice book (2) Purchase Journal
(3) Returns outwards Journal (4) Returns inwards Journal

27. A cheque payable at the counter of the bank without identification is called :
(1) Bearer cheque (2) Specific cheque
(3) Order cheque (4) Crossed cheque

28. Income received in advance given in Trial Balance will be shown in :
(1) Trading A/C (2) Profit and loss A/C
(3) Manufacturing A/C (4) Balance sheet

29. Trading account is prepared to find out :
(1) Cost of goods produced (2) Cost of goods sold
(3) Net profit /Net loss (4) Gross profit

30. Contingent liability is shown :

(1) In Trading A/C (2) In Profit and Loss A/C

(3) In Balance sheet (4) Outside the Balance sheet as a foot note

31. Depreciation on plant will be charged to :

(1) Trading account

(2) Profit and loss A/C

(3) Profit and loss appropriation A/C

(4) Manufacturing A/C

32. Which of the following is current asset ?

(1) Debtor (2) Prepaid expenses

(3) Cash in hand (4) All of the above

33. 'Wages and Salaries' are shown on the :

(1) Debit side of Trading A/C

(2) Credit side of Trading A/C

(3) Debit side of Profit and loss A/C

(4) Credit side of Profit and loss A/C

34. Interest on drawings is shown on the :

(1) Debit side of Profit and Loss A/C

(2) Credit side of Profit and Loss A/C

(3) Debit side of Trading A/C

(4) Credit side of Trading A/C

35. Bank overdraft is a :

(1) Current Asset

(2) Fixed Asset

(3) Short term liability

(4) Long term liability

36. Gross Profit is equal to :

(1) Net Sales − cost of goods sold

(2) Opening Stock + Purchases

(3) Net sales + cost of goods sold

(4) Opening stock + purchases − closing stock

37. Nominal accounts relate to :
   (1) Assets only
   (2) Expenses and losses only
   (3) Incomes and gains only
   (4) Incomes, gains, expenses and losses

38. Expenditure on purchase of items giving benefit for a loss of period is called :
   (1) Capital expenditure
   (2) Revenue expenditure
   (3) Revenue loss
   (4) Deferred revenue expenditure

39. Which of the following statement is correct ?
   (1) Book keeping is the art of recording the business transaction only
   (2) Bank account is a real account
   (3) Purchases account is a nominal account
   (4) Loan account is a personal account

40. A business has liabilities of Rs. 1,70,000 and owner's equity is Rs. 80,000. Its assets would be :
   (1) 2,00,000 (2) 90,000
   (3) 1,70,000 (4) 2,50,000

41. Rs. 10,000 received from Ram whose account was written off as bad debts in the previous year should be credited to :
   (1) Ram's A/C
   (2) Bad debts A/C
   (3) Bad debts recovered A/C
   (4) Cash A/C

42. Donation received for a 'specific purpose' is a :
   (1) Capital receipts
   (2) Revenue receipts
   (3) Capital expenditure
   (4) Revenue expenditure

**43.** Purchases Book is undercast by Rs. 500 while rectifying this error the debit will be given to :

(1) Purchases A/C (2) Cash A/C

(3) Suspense A/C (4) Sales A/C

**44.** Sales Tax collected is a :

(1) Fixed liability

(2) Current liability

(3) Contingent liability

(4) Current asset

**45.** Capital account is a :

(1) Personal A/C

(2) Real A/C

(3) Nominal A/C

(4) Real as well as Personal Account

**46.** The item given as adjustments will be shown in final accounts at :

(1) One place only (2) Two places

(3) Three places (4) Four places

**47.** Journal proper records :

(1) Cash received from debtors

(2) Sales returns

(3) Purchases returns

(4) The transactions which are not recorded in any of the special Journal.

**48.** Trade discount is given to customers on :

(1) Cash purchases

(2) Credit purchases

(3) Credit sales

(4) Large scale purchases

49. Selling and distribution expenses are transferred to :

(1) Trading A/C

(2) Profit and loss A/C

(3) Profit and loss appropriation A/C

(4) Manufacturing A/C

50. Loan account is :

(1) a Nominal A/C

(2) a Real A/C

(3) an Asset A/C

(4) a Personal A/C

# स्नातक प्रारंभिक कार्यक्रम
# (बी.पी.पी.)
## सत्रांत परीक्षा
## जून, 2011

### पी.सी.ओ.-01 : वाणिज्य में प्रारंभिक पाठ्यक्रम

*समय : 2 घण्टे* *अधिकतम अंक : 50*

***नोट :*** ***सभी*** *प्रश्न* ***अनिवार्य*** *हैं। प्रत्येक प्रश्न* ***एक अंक*** *का है।*

1. कौन से सिद्धांत के अनुसार यह आवश्यक माना जाता है कि प्रत्येक लेखा वर्ष में एक सी लेखाविधि का ही उपयोग किया जाना चाहिए ?
   - (1) एकरुपता की संकल्पना।
   - (2) महत्व की संकल्पना।
   - (3) अनुदारवादिता की संकल्पना।
   - (4) मिलान की संकल्पना।

2. विक्रय बही में रिकार्ड किए जाते हैं :
   - (1) सभी विक्रय।
   - (2) सभी प्रकार के उधार विक्रय।
   - (3) सारे नकद विक्रय।
   - (4) केवल माल के उधार विक्रय।

3. निम्नलिखित में कौन सा समीकरण सही है ?
   - (1) परिसंपत्तियाँ + देयताएँ = पूँजी।
   - (2) परिसंपत्तियाँ – देयताएँ = पूँजी।
   - (3) परिसंपत्तियाँ + पूँजी = देयताएँ।
   - (4) परिसंपत्तियाँ ÷ देयताएँ = पूँजी।

4. वित्तीय लेखांकन का मुख्य कार्य है :
   - (1) सभी लेनदेनों को रिकार्ड करना।
   - (2) केवल सकल लाभ ज्ञात करना।
   - (3) केवल निवल लाभ ज्ञात करना।
   - (4) सभी लेनदेनों को सही विधि से रिकार्ड करना, वर्गीकृत करना, सारसंक्षेप तैयार करना, तथा विश्लेषण करना।

5. भवन के क्रय को डेबिट किया जाना चाहिए :

(1) उपस्कर को।
(2) भवन को।
(3) माल को।
(4) पूँजी को।

6. अमर को उधार बेचे गए माल को डेबिट किया जाना चाहिए :

(1) विक्रय को।
(2) रोकड़ को।
(3) अमर को।
(4) क्रय को।

7. निम्नलिखित में से कौन सा खाता व्यक्तिगत खाता नहीं है ?

(1) ऋण खाता।
(2) पूँजी खाता।
(3) श्याम का खाता।
(4) रोकड़ खाता।

8. 6,000 रु. मे एक अलमारी खरीदी गई जिस पर 200 रु. ढुलाई के दिए। अल्मारी खाते को डेबिट किया जाना चाहिए :

(1) 6,000 रु. से। (2) 200 रु. से। (3) 6,200 रु. से। (4) 5,800 रु. से।

9. आगत वापसी बही में रिकार्ड किया जाता है :

(1) बेचे गए माल की वापसी को।
(2) माल के उधार विक्रय को।
(3) माल के उधार क्रय को।
(4) क्रय किए गए माल की वापसी को।

10. मकान मालिक को किराये के दिए गए 1,000 रु. डेबिट किए जाने चाहिए :

(1) किराए खाते को।
(2) रोकड़ खाते को।
(3) मकान मालिक के खाते को।
(4) मरम्मत खाते को।

11. अदत्त मज़दूरी खाता है एक :

(1) व्यक्तिगत खाता।
(2) आय-व्यय खाता।
(3) वास्तविक खाता।
(4) प्रतिनिधि व्यक्तिगत खाता।

12. उचत खाते का क्रेडिट शेष दिखाया जाएगा :

(1) व्यापार खाते के डेबिट पक्ष में।

(2) व्यापार खाते के क्रेडिट पक्ष में।

(3) बैलेंस शीट के परिसंपत्तियाँ पक्ष में।

(4) बैलेंस शीट के देयताएँ पक्ष में।

13. प्रदत्त व्यय है :

(1) एक परिसंपत्ति। (2) एक देयता। (3) एक हानि। (4) एक लाभ।

14. एक पक्षीय अशुद्धियों के संशोधन के लिए सामान्यतया किस खाते का उपयोग किया जाता है ?

(1) रोकड़ खाते का। (2) लाभ-हानि खाते का।

(3) व्यापार खाते का। (4) उचंत खाते का।

15. व्यवसाय में शामिल हैं :

(1) उद्योग एवं वाणिज्य। (2) उद्योग एवं व्यापार में सहायक कार्यकलाप।

(3) केवल व्यापार। (4) व्यापार एवं व्यापार में सहायक कार्यकलाप।

16. प्राप्त हुई कमीशन् क्रेडिट की जाती है :

(1) व्यापार खाते को। (2) लाभ-हानि खाते को।

(3) विनिर्माण खाते को। (4) लाभ-हानि विनियोजन खाते को।

17. ड्बत ऋण दिखाए जाते हैं :

(1) विनिर्माण खाते में। (2) व्यापार खाते में।

(3) लाभ-हानि खाते में। (4) बैलेंस शीट में।

18. एक परिसंपत्ति के विक्रय पर हुआ लाभ क्रेडिट किया जाएगा :

(1) परिसंपत्ति खाते को। (2) उचंत खाते को।

(3) व्यापार खाते को। (4) लाभ-हानि खाते को।

19. निम्नलिखित में से कौन सा एक चालू खाता ***नहीं*** है ?

(1) देनदार (2) स्टाक (3) खुले औज़ार (4) रोकड

20. पेटेटंस है एक :

(1) अमूर्त परिसंपत्ति। (2) मूर्त परिसंपत्ति।

(3) चालू परिसंपत्ति। (4) कृत्रिम परिसंपत्ति।

21. सभी प्रत्यक्ष व्यय दिखाए जाते हैं :

(1) लाभ-हानि खाते में। (2) बैलेंस शीट में।

(3) व्यापार खाते में। (4) लाभ-हानि विनियोजन खाते में।

22. विनिर्माण खाता बनाया जाता है :

(1) लाभ-हानि ज्ञात करने के लिए। (2) निवल लाभ ज्ञात करने के लिए।

(3) निवल हानि ज्ञात करने के लिए। (4) उत्पादित माल की लागत ज्ञात करने के लिए।

23. बैंक समाधान विवरण तैयार किया जाता है :

(1) अंकेक्षक द्वारा। (2) बैंक के ग्राहकों द्वारा।

(3) बैंक द्वारा। (4) लेनदारों द्वारा।

24. प्राप्त छूट खाता दिखाता है :

(1) डेबिट शेष। (2) क्रेडिट शेष।

(3) कोई शेष नहीं। (4) उपर्युक्त सभी।

25. यदि क्रय किए गए माल की लागत है 28,000 रु. निवल विक्रय 60,000 रु. तथा अंतिम स्टाक 15,000 रु. तो सकल लाभ की राशि होगी :

(1) 47,000 रु. (2) 43,000 रु. (3) 75,000 रु. (4) 88,000 रु.

26. क्रय वापसी जर्नल को कहा जा सकता है :

(1) बीजक बही भी। (2) क्रय जर्नल भी।

(3) निर्गत वापसी जर्नल भी। (4) आगत वापसी जर्नल भी।

27. एक चैक जिसका भुगतान बैंक के काउंटर पर बिना पहचान के भी किया जा सकता है, कहलाता है एक :

(1) धारक चैक। (2) विशिष्ट चैक।

(3) आदेश चैक। (4) रेखांकित चैक।

28. तलपट में दी 'अग्रिम प्राप्त आय' को दिखाया जाएगा :

(1) व्यापार खाते में। (2) लाभ-हानि खाते में।

(3) विनिर्माण खाते में। (4) बैलेंस शीट में।

29. व्यापार खाता बनाया जाता है :

(1) उत्पादित माल की लागत ज्ञात करने के लिए।

(2) बेचे गए माल की लागत ज्ञात करने के लिए।

(3) निवल लाभ/निवल हानि ज्ञात करने के लिए।

(4) सकल लाभ ज्ञात करने के लिए।

30. प्रासंगिक देयता को दिखाया जाता है :

(1) व्यापार खाते में। (2) लाभ-हानि खाते में।

(3) बैलेंस शीट में। (4) बैलेंस शीट के नीचे एक फुटनोट के रूप में।

31. प्लांट पर मूल्यह्रास चार्ज किया जाएगा :

(1) व्यापार खाते में।

(2) लाभ-हानि खाते में।

(3) लाभ-हानि विनियोजन खाते में।

(4) विनिर्माण खाते में।

32. निम्नलिखित में से कौन सी मद एक चालू परिसंपत्ति है ?

(1) देनदार। (2) प्रदत्त व्यय।

(3) रोकड़ शेष। (4) उपर्युक्त सभी।

33. 'मज़दूरी एवं वेतन' को दिखाया जाता है :

(1) व्यापार खाते के डेबिट पक्ष में।

(2) व्यापार खाते के क्रेडिट पक्ष में।

(3) लाभ-हानि खाते के डेबिट पक्ष में।

(4) लाभ-हानि खाते के क्रेडिट पक्ष में।

34. आहरण पर ब्याज को दिखाया जाता है :

(1) लाभ-हानि खाते के डेबिट पक्ष में।

(2) लाभ-हानि खाते के क्रेडिट पक्ष में।

(3) व्यापार खाते के डेबिट पक्ष में।

(4) व्यापार खाते के क्रेडिट पक्ष में।

35. बैंक ओवरड्राफ्ट है एक :

(1) चालू परिसंपत्ति।
(2) स्थायी परिसंपत्ति।
(3) लघु कालीन देयता।
(4) दीर्घकालीन देयता।

36. सकल लाभ बराबर है :

(1) निवल विक्रय – बेचे गए माल की लागत।

(2) प्रारम्भिक स्टाक + क्रय।

(3) निवल विक्रय + बेचे गए माल की लागत।

(4) प्रारम्भिक स्टाक + क्रय – अंतिम स्टाक।

37. आय-व्यय खाते संबंधित हैं :

(1) केवल परिसंपत्तियों से।
(2) केवल व्ययों एवं हानियों से।
(3) केवल आयों एवं लाभार्जनों से।
(4) आयों लाभार्जनों, व्ययों एवं हानियों से।

38. ऐसी मदों के क्रय पर किया गया खर्च जिन का लाभ एक लम्बी अवधि तक मिलता है, कहलाता है :

(1) पूँजीगत व्यय।
(2) आयगत व्यय।
(3) आयगत हानि।
(4) आस्थगित आयगत व्यय।

39. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा कथन सही है ?

(1) बही खाता व्यावसायिक लेनदेनों को केवल रिकार्ड करने की एक कला है।

(2) बैंक खाता एक वास्तविक खाता है।

(3) क्रय खाता एक आय-व्यय खाता है।

(4) ऋण खाता एक व्यक्तिगत खाता है।

40. एक व्यवसाय की देयताएँ हैं, 1,70,000 रु. तथा स्वामियों की ईक्विटी है 80,000 रु। इसकी परिसंपत्तियों की राशि होगी :

(1) 2,00,000 रु. (2) 90,000 रु. (3) 1,70,000 रु. (4) 2,50,000 रु.

41. राम, जिसके खाते को पिछले साल डूबत ऋण के रूप में अपलिखित को दिया था, से 10,000 रु. प्राप्त हुए। इसे क्रेडिट किया जाना चाहिए :

(1) राम के खाते को। (2) डूबत ऋण खाते को।

(3) डूबत ऋण वसूली खाते को। (4) रोकड़ खाते को।

42. एक विशिष्ट उद्देश्य के लिए प्राप्त हुई दान की राशि है एक :

(1) पूँजीगत प्राप्ति। (2) आयगत प्राप्ति।

(3) पूँजीगत व्यय। (4) आयगत व्यय।

43. क्रय बही का योग 500 रु. कम लगाया गया। इस अशुद्धि का संशोधन करते समय डेबिट किया जाएगा :

(1) क्रय खाते को। (2) रोकड़ खाते को।

(3) उचंत खाते को। (4) विक्रय खाते को।

44. वसूल किया गया बिक्री कर है एक :

(1) स्थायी देयता। (2) चालू देयता।

(3) प्रासंगिक देयता। (4) चालू परिसंपत्ति।

45. पूँजी खाता है एक :

(1) व्यक्तिगत खाता। (2) वास्तविक खाता।

(3) आय-व्यय खाता। (4) वास्तविक खाता भी और व्यक्तिगत खाता भी।

46. समायोजनों के सूची में दी गई मद अंतिम खातों में दिखायी जाएगी :

(1) केवल एक स्थान पर। (2) दो स्थानों पर।

(3) तीन स्थानों पर। (4) चार स्थानों पर।

47. मुख्य जर्नल में रिकार्ड किया जाता है :

(1) देनदारों से प्राप्त हुई राशि को।

(2) विक्रय वापसी को।

(3) क्रय वापसी को।

(4) उन लेनदेनों को जिन्हें किसी विशिष्ट जर्नल जर्नल में रिकार्ड नहीं किया जाता ।

48. व्यापारिक छूट ग्राहकों को दी जाती है :

(1) नकद क्रय पर। (2) उधार क्रय पर।

(3) उधार विक्रय पर। (4) बड़े पैमाने के क्रयों पर।

49. विक्रय एवं वितरण व्ययों को अंतरित किया जाता है :

(1) व्यापार खाते में। (2) लाभ-हानि खाते में।

(3) लाभ-हानि विनियोजन खाते में। (4) विनिर्माण खाते में।

50. ऋण खाता है :

(1) एक आय-व्यय खाता। (2) एक वास्तविक खाता।

(3) एक परिसंपत्ति खाता। (4) एक व्यक्तिगत खाता।

---